नैक (NAAC) द्वारा ‘A’ ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

## विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी
## सामाजिक कार्य पुरस्कार से सम्मानित

**डॉ. सतीश पावड़े, डॉ. सुषमा लोखंडे, डॉ. स्मिता वानखेड़े, पद्माकर बाविस्कर हुए सम्मानित**

वर्धा, 6 मई 2019: कामगार संगठन संयुक्त कृति समिती, वर्धा द्वारा विश्व मजदूर दिवस तथा महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी




विश्वविद्यालय के शिक्षक तथा विद्यार्थियों को सामाजिक कार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रदर्शनकारी कला, फ़िल्म तथा थिएटर विभाग के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक, नाट्य लेखक, निर्देशक डॉ. सतीश पावड़े, मराठी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. सुषमा लोखंडे के साथ अनुवाद अध्ययन विभाग की छात्रा डॉ. स्मिता वानखेड़े, राजू बावने, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के छात्र पद्माकर बाविस्कर को प्रसिद्ध कृषि विज्ञानी तथा शेतकरी संगठन के विजय

जावंधिया तथा प्रसिद्ध पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता सुबोध मोरे, मुंबई के हाथों सम्मानित किया गया। अपने सम्मान के बाद डॉ. सतीश पावड़े ने अपने विचार व्यक्त किये।

सामाजिक आंदोलनों में विशेष योगदान के लिए इन शिक्षक और छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की सफलता हेतु नंदकुमार वानखेड़े, गुणवंत डकरे, प्रदीप दाते, नरेश गेड़े, नरेंद्र काले, कॉ. दिलीप उटाने, विनोद भालतड़क, सुनील घिमे, प्रकाश बमनोटे, विजय कोम्बे, किशोर देशपांडे आदि ने परिश्रम किए।

सत्यनारायण बजाज सार्वजनिक वाचनालय में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर एवं ज़िले के विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुंबई दूरदर्शन के सहायक इंजिनियर नंदकुमार वानखेड़े ने किया। प्रस्तावना गुणवंत डकरे ने रखी तथा आभार प्रदीप दाते ने माना। समारोह में शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।